तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 वन्यजीव संरक्षण की सीख लेकर निकाली गई जागरूकता रैली





खबर संक्षेप

दीपिका पुनः बनीं एसडीएम बैकुंठपुर

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर दीपिका नेताम को पुनः बैकुंठपुर एसडीएम का दायित्व सौंपा गया है। गुरुवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि श्रीमती नेताम पूर्व में भी बैकुंठपुर एसडीएम का दायित्व संभाल चुकी हैं।

जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने मंगलवार को जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने छग कोषालय संहिता के सहायक नियम 39 के प्रावधानों के तहत प्रातः 10:15 बजे स्ट्रांग रूम पहुंचकर वहां संधारित सामग्रियों एवं अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे अदालती एवं गैर-अदालती मुद्रांकों तथा अन्य बहुमूल्य सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही उपलब्ध सामग्री का जिला कोषालय में संधारित संबंधित पंजियों एवं अभिलेखों से मिलान कराया। उन्होंने अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

12 खेलों में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी

मनेन्द्रगढ़। क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान, प्रोत्साहन और अपनी क्षमता प्रदर्शन के लिए बड़ा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक 2026-27 के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ब्लॉक एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियों और आयोजन स्थलों की घोषणा कर दी गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस खेल महाकुंभ में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

कब्रिस्तान और मुक्तिधाम में रोशनी की दरकार

मनेन्द्रगढ़। शहर के कब्रिस्तान और मुक्तिधाम में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद जमील शाह ने पहल की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर मुस्लिम कब्रिस्तान, ईसाई कब्रिस्तान और वार्ड क्रमांक 22 स्थित मुक्तिधाम में हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग की है। उन्होंने इन सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। पार्षद जमील शाह ने पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि तीनों स्थानों पर रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंधेरे के कारण यहां आने जाने वाले नागरिकों को असुविधा होती है। ऐसे में हाई मास्ट लाइट लगने से इन स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी और रात्रिकालीन आवागमन भी पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हो सकेगा।



दिसंबर में प्रस्तावित है चुनाव, राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ी, बैठकों का दौर जारी

बैकुंठपुर में 10868 तो शिवपुर चरचा में 8886 मतदाता चुनेंगे शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के नगरीय निकाय नपा परिषद बैकुंठपुर एव शिवपुर चरचा में आगामी दिसंबर माह में नगरीय निकाय चुनाव संभावित है, जिसके लिए प्रमुख राजनीतिक दलों सक्रियता अब तेज हो गई। संभावित पार्षद एवं अध्यक्ष प्रत्याशी भी अपनी सक्रियता बढ़ा दिए हैं, इसके साथ ही दोनों शहरी क्षेत्रों में ठंड की शुरूआत होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। वार्डों में संभावित पार्षद प्रत्याशी एवं अध्यक्ष के प्रत्याशी प्रमुख राजनीति पार्टियों बड़े पदाधिकारियों के संपर्क साधकर अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत करना शुरू कर दिए हैं।

नगर पालिका बैकुंठपुर एवं नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में अध्यक्ष की टिकट पाने के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों के प्रमुख पदाधिकारियों के समक्ष अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत कर रहे हैं। बीते दिनों दोनों नगरीय निकाय क्षेत्रों के वार्डो का परिसीमन कार्य पूरा होने के बाद वार्डो में सक्रियता संभावित प्रत्याशियों की बढ़ गई है और प्रमुख दलों से टिकट प्राप्त करने के प्रयास में जुट गए हैं। यही हाल संभावित अध्यक्ष प्रत्याशियों की भी है। हालांकि अभी दोनों नगरीय निकायों में यह स्पष्ट नहीं है कि भावी वार्ड पार्षद और अध्यक्ष के लिए किसके नाम पर मुहर लगती है, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए वार्डो व शहर में कई लोग अपनी सक्रियता बढ़ा दिए हैं और जनता से संपर्क साधना भी शुरू कर दिए हैं। अभी संभावित प्रत्याशी अपनी दावेदारी प्रमुख राजनीतिक दलों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं,लेकिन जब एक नाम प्रत्येक वार्ड से तय हो गया इसके बाद ही वार्डो में सघन जनसंपर्क का दौर भी शुरू हो सकेगा। इसके पूर्व भावि पार्षद प्रत्याशी अपना जनसंपर्क तेज कर दिए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं जो संभावित पार्षद के लिए निर्दलीय ही मैदान में उतरने को तैयार है जो अभी से ही अपनी पकड़ वार्डो में मजबूत करने में जुट गए हैं। संभावित चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन संपर्को का दौर शुरू हो गया। वहीं राजनीतिक दलों से जुड़े कई लोग अपनी पार्टी से टिकट के लिए दावेदारी करना शुरू कर दिए हैं, इनमें से किसी एक को पार्टी टिकट प्रदान करेगी। इसके बाद ही प्रमुख राजनीतिक दल के भावी प्रत्याशी का चेहरा साफ नजर आएगा, इसके बाद वार्डो में चुनाव जीतने के लिए घमासान शुरू होगा। अभी दावेदार प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में है।





शहर में 10 हजार से अधिक मतदाता

नगर पालिका बैकुण्ठपुर में 10 हजार से अधिक मतदाता अपनी शहर की सरकार का चुनाव आगामी दिसंबर माह में करेंगे। बीते दिनों नगर पालिका के वार्डो का आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसके बाद भावि पार्षद प्रत्याशी अपनी जमीनी स्थिति को मजबूत करने में जुट गए हैं। हालांकि प्रमुख राजनीतिक दलों से चुनाव लड़ने वालों का नाम तय होने के बाद ही वे अपनी सक्रियता बढ़ाएंगे, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी अभी से अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए वार्डो में लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिए है। उल्लेखनीय है कि नगर पनालिका परिषद बैकुंठपुर के 20 वार्डो के लिए परिसीमन किया गया ,जिसका प्रमुख 29 जुलाई 2024 को राजपत्र में प्रकाशित की गई थी और बीते दिनों सभी 20 वार्डो का आरक्षण तय किया गया। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो गया है। प्रमुख राजनीतिक पार्टियों द्वारा भावि पार्षद प्रत्याशी का नाम तय होने के बाद चुनावी सरगर्मी तेजी से बढ़ेगी।

शिवपुर चरचा में 8886 मतदाता चुनेंगे अपना नेता

कोरिया जिले के नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में कुल 8886 मतदाता आगामी दिसंबर माह में संभावित नगरीय निकाय चुनाव में अपनी शहर सरकार मतदान कर चुनेंगे। कुल 8886 मतदाता में 4563 पुरूष एवं 4323 महिला मतदाता शामिल है। यहां एक भी तृतीय लिंग मतदाता नहीं है। नगर पालिका शिवपुर चरचा में इस बार अध्यक्ष पद महिला सामान्य है, ऐसे में अध्यक्ष की कुर्सी के लिए मुख्य रूप से मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच होना तय है। वर्तमान में यहां के अध्यक्ष पद भाजपा के खाते में है, ऐसे में इस बार के चुनाव में भी पार्टी पदाधिकारियों का पूरा जोर अध्यक्ष पद का कब्जा बरकरार रखने में होगा। इसके अलावा वार्डो में भी दोनों ही प्रमुख दल अपनी जीत को लेकर आमने सामने होंगे।

नगर पालिका बैकुंठपुर में भी होगा रोचक मुकाबला

कोरिया जिला मुख्यालय का नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में भी अध्यक्ष पद को लेकर रोचक मुकाबला होने की पूरी संभावना है। इस बार यहां का अध्यक्ष पद सामान्य के लिए हैं, ऐसे में कई अध्यक्ष के लिए कई संभावित दावेदार चुनावी मुकाबला के लिए मदान में उतरने को तैयार है। अभी प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों के समक्ष अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत करना शुरू कर दिए हैं, लेकिन दोनों की दलों द्वारा अध्यक्ष पद के दावेदारों में जब तक एक नाम तय नहीं हो जाता, तब तक कयास अनुमानों पर ही होगा। इसके अलावा नगर पालिका बैकुंठपुर के 20 वार्डो में भी संभावित पार्षद प्रत्याशी अपनी दावेदारी को लेकर तैयारी कर रहे हैं, इसके अलावा निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी तो अभी से वार्डो में अपनी सक्रियता बढ़ाकर जन संपर्क शुरू कर दिए हैं। इस बार जनता द्वारा सीधे अध्यक्ष पद का चुनाव होना है, इसलिए आगामी नगरीय निकाय चुनाव का मुकाबला को लेकर सरगर्मियां अब धीरे-धीरे बढ़ना शुरू कर देगा।

खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के खड़गवां और चिरमिरी क्षेत्र के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए अब दूर तक सफर करने से राहत मिलेगी। राज्य शासन ने खड़गवां में नवीन उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां तहसील के 44 और चिरमिरी तहसील के 16 सहित कुल 60 गांव शामिल किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार कार्यालय की स्थापना 1 दिसंबर 2026 से प्रभावी होगी।



■ स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ने सीएम और वित्तमंत्री का जताया आभार

स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी, खड़गवां और समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, खड़गवां में उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना से क्षेत्रवासियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। जमीन की रजिस्ट्री के लिए उन्हें अब ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा और अपने क्षेत्र में ही पंजीयन की सुविधा मिल सकेगी। इससे लोगों के समय और आने-जाने के खर्च की बचत होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रशासनिक सुविधाओं को जनता के नजदीक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नया कार्यालय शुरू होने से इन गांवों के लोगों को जमीन और अन्य अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मनेन्द्रगढ़ स्थित उप-पंजीयक कार्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। किसानों, ग्रामीणों और संपत्ति की खरीद-बिक्री करने वाले नागरिकों को नजदीक ही रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध होगी। नवीन कार्यालय के कार्यक्षेत्र में खड़गवां, देवाडांड, रतनपुर, छोटे कलुआ, धनपुर, पेंडरी सहित खड़गवां तहसील के गांव तथा चिरमिरी, उधनापुर, आमाडांड, भुकभुकी और अन्य संबंधित गांव शामिल हैं।

इन गांवों को मनेन्द्रगढ़ उप-पंजीयक कार्यालय के कार्यक्षेत्र से अलग कर नवीन खड़गवां पंजीयन उप-जिले में शामिल किया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का धन्यवाद व्यक्त किया है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में उप-पंजीयक कार्यालय की सुविधा मिलने से जमीन की रजिस्ट्री कराना आसान होगा और दूर स्थित कार्यालय तक आने-जाने की परेशानी कम होगी।

भारत भ्रमण पर निकले वाशु पहुंचे बैकुंठपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव हेतु मानवीय मूल्यों के प्रचार प्रसार के लिए तिरंगा झण्डा लेकर जनपद आगरा उत्तर प्रदेश के ग्राम दुर्गानगर राजपुर चुंगी निवासी वाशु राईडर पिता दिनेश कुमार सायकल से भारत भ्रमण पर निकले है उनके कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंचने पर सेन समाज कोरिया के जिला अध्यक्ष रामाशंकर ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य बिजेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी अजय ठाकुर ने स्थानीय रेस्ट हाउस में स्वागत कर आवश्यक चर्चा की।

■ सेन समाज ने किया स्वागत

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाशु राईडर बीते 2 जून 2025 से पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सद्भाव को लेकर सायकल से भारत भ्रमण पर निकले है जो अब तक आठ राज्यों का भ्रमण कर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर बीते 7 अक्टूबर को पहुंचे दूसरे दिन सेन समाज के पदाधिकारियों ने मुलाकात की और इसके बाद एमसीबी जिले के लिए वाशु राईडर निकल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाशु राईडर अपना संदेश लेकर देश के सभी प्रदेशों का भ्रमण पर निकले है उनकी यात्रा 2028 में समाप्त होने की संभावना बताई। वाशु राईडर ने बताया कि वे अपने भ्रमण के दौरान विभिन्न जगहों पर स्कूल कॉलेज व अन्य विभिन्न जगहों पर जनसभा आयोजित कर लोगों को पर्यावरण को लेकर जन जागरूकता का संदेश दिया जाता है जिसका अच्छा समर्थन लोगों को मिल रहा है।

आठवीं के छात्र ने घर में लगाई फांसी

बैकण्ठपुर। सिटी कोतवाली अंतर्गत छिंदडांड स्थित कॉलोनी में बीते दिवस एक नाबालिक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी कार्रवाई पूरी की और शव को पीएम के लिए भेज दिया और मामले को जांच में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्र के छिंदडांड में एक 13 वर्षीय नाबालिक बालक जो कि चरचा कॉलरी में कक्षा 8 वीं का छात्र था वह अज्ञात कारणों ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया गया, वही इस मामले की जांच सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है इसके बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाबालिक के साथ एक महिला द्वारा मारपीट किए जाने की भी बात कही जा रही है। वहीं पूरे मामले की जांच कर रहे सिटी कोतवाली के प्रधान आरक्षक निर्मल मिंज ने बताया कि इस तरह की शिकायत परिजन द्वारा नहीं बताई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

बैकुंठपुर के कुमार चौक में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता की मांग को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया गया। राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने काले झंडे और काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च निकाला।

बैकुंठपुर के कुमार चौक पहुंचकर कांग्रेसजनों ने चक्का जाम किया और केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली में नेताओं पर कार्रवाई का विरोध नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे , नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी सहित इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए बलपूर्वक व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध में यह काला दिवस आयोजित किया गया। लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर टिकी है। केंद्र की भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग वोट चोरी तथा मतदाता सूची की गड़बड़ियों के सवालों से भाग रहे हैं। दिल्ली में हमारे शीर्ष नेताओं के साथ किया गया तानाशाही व्यवहार लोकतंत्र पर सीधा हमला है। जब तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाया नहीं जाता और चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता बहाल नहीं होती, कांग्रेस पार्टी यह लड़ाई निरंतर जारी रखेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ मुख्तार अहमद हेमसागर यादव सुरेंद्र तिवारी, प्रवीर भट्टाचार्य, बीएल राजवाड़े, आशीष यादव लल्ला सुरेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े भूपेंद्र यादव बिकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, संगीता राजवाड़े, रियाजउद्दीन, आशीष डबरे, सौरभ गुप्ता, रामकृष साहू, अनिल जयसवाल, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, धीरज शिवहरे, आकाश खटीक, यूसुफ इराकी, राजू भगत, देव नारायण, जाग्रत कुर्रे, जितेंद्र वर्मा, रकीब बेगम, राजेश कुर्रे, राकेश जायसवाल, स्वतंत्र महोबिया, एजाज गुड्डू, पंजक मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर कांग्रेस ने जताया विरोध



बिजुरी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई बर्बरता के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी के अध्यक्ष जय कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बिजुरी बाजार क्षेत्र में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ता हनुमान मंदिर चौक पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार एवं दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए किए जा रहे धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। कार्यकर्ताओ ने घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रयास बताया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हरीश मोटवानी, जिला महासचिव विनय शुक्ला, जिला सचिव अमित चतुर्वेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब आलम, अरुणेंद्र सिंह, जावेद अख्तर, मो. अनवार, ⏭शेष पेज 2 पर

हरिभूमि की खबर के बाद सक्रिय हुआ नगर प्रशासन

आवारा श्वानों की धरपकड़ शुरू, पालतू श्वान पकड़े जाने की भी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आवारा श्वानों की संख्या और इससे लोगों की सुरक्षा को लेकर विश्व रैबिज डे के अवसर पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद अब शहर में आवारा श्वानों की धरपकड़ का अभियान शुरू किया गया है।

बीते कई दिनों से प्रशिक्षित टीम द्वारा प्रतिदिन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे आवारा श्वानों को पकड़ा जा रहा है। टीम के सदस्य वाहन में सवार होकर शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हैं। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर आवारा श्वान दिखाई देने पर टीम द्वारा जाल की मदद से उन्हें पकड़कर वाहन में रखा जाता है। कई स्थानों पर श्वान टीम की पकड़ में नहीं आ पाते, इसके बावजूद टीम द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही अभियान शुरू कर दिया जाता है, जो शाम होने से पहले तक जारी रहता है।


आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या बनी खतरा



कुछ पालतू श्वानों को भी पकड़े जाने की शिकायत

आवारा श्वानों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम द्वारा अभियान चलाए जाने के बीच कुछ लोगों ने पालतू श्वानों को भी पकड़े जाने की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि घर के बाहर या सार्वजनिक स्थान पर निकले कुछ पालतू श्वान भी टीम की कार्रवाई की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि आवारा और पालतू श्वानों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि पालतू श्वानों को अनावश्यक रूप से पकड़े जाने की स्थिति निर्मित न हो।

बढ़ती संख्या से लोगों में बनी चिंता

शहर में पिछले कुछ वर्षों से आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनमें से कई श्वानों के टीकाकरण की जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों में रैबिज सहित श्वान के काटने की घटनाओं को लेकर चिंता बनी हुई है। सार्वजनिक स्थानों, बाजार और रिहायशी इलाकों में बड़ी संख्या में श्वानों की मौजूदगी से विशेषकर बच्चों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए अब नगर क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुली रोजगार की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत जनपद पंचायत भरतपुर में आयोजित जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर में शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक सहज और तकनीक आधारित तरीके से पहुंचाने की पहल देखने को मिली।

■ शिविर में 16 नए जॉब कार्ड भी जारी

शिविर में वीबीग्रामजी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत कराए जा सकने वाले 375 कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए क्यूआर कोड लगाया गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर इन कार्यों की जानकारी ली। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत उपलब्ध कार्यों और उससे जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हुई। इससे शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को ⏭शेष पेज 2 पर



खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर

बिश्रामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा,शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समाज में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना है।

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग में विद्यार्थियों ने उकेरी वंदे भारत की तस्वीर



राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल राजपुर द्वारा सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने वंदे भारत रेल और विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित रंगोली एवं चित्रकला तैयार की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और चित्रकला के माध्यम से देश की प्रगति, आधुनिक भारत और विकास की कल्पना को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, सरपंच सुषमा मरावी, उदय यादव, अनिल तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन पैंकरा सहित महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

5जी सेवा प्रारंभ करने केंद्रीय संचार मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



राजपुर। नगर में 5जी मोबाइल सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजपुर क्षेत्र में मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, ऑनलाइन सेवाओं तथा डिजिटल कार्यों के लिए तेज इंटरनेट की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र में 5जी सेवा प्रारंभ होने से नागरिकों को बेहतर और तेज संचार सुविधा मिल सकेगी। कांग्रेसियों ने केंद्रीय संचार मंत्री से मांग की कि राजपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क शुरू करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर सेवा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान संतोष सिंह, राजेश पांडेय (टिल्लू), राहुल गुप्ता, विद्यानंद दुबे, राहुल भारती, विकास यादव, विशवास गुप्ता, बाबा भारती, अधिवक्ता स्वतंत्र मिश्रा उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



सोनगरा। आंगनबाड़ी केंद्र कंवरपारा सोनगरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

दो माह से खराब थी एनएच 43 की लाइट, हो चुकी है कई दुर्घटनाएं

नवरात्र से पहले एनएच 43 बतौली में रौशन होंगी सड़कें, 170 स्ट्रीट लाइट 24 घंटे में सुधारने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

नवरात्र और आगामी त्योहारों को देखते हुए बतौली में सड़क और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लाइट बंद पड़ी थी। लगभग 170 रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू हरी गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय अमले को तत्काल सुधार कार्य के निर्देश दिए हैं। पंचायत क्षेत्र में भी खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है।

खास बातें

- जनपद उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग और पंचायत क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था का लिया जायजा
- खराब लाइटों के तत्काल सुधार के निर्देश

बतौली से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक रोड लाइट पिछले करीब दो माह से बंद थीं। त्योहारों के दौरान इस हिस्से में अंधेरा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। नवरात्र को देखते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू हरी गुप्ता ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों और स्थानीय कर्मचारियों को लाइट व्यवस्था तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की टीम सुधार कार्य में जुट गई है। बताया गया है कि कहीं तार कटने तो कहीं अन्य तकनीकी खराबी के कारण लाइट बंद हैं। जिसे चिन्हित कर सुधार किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग की रोड साइड लाइटों के ठेकेदार बबलू यादव भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विभाग की पूरी टीम सुधार कार्य में लगी हुई है। करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लगी लगभग 170 लाइटों को जल्द चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।जनपद उपाध्यक्ष की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक किसी भी रोड साइड लाइट में खराबी होने पर तत्काल सूचना देने के लिए ठेकेदार की ओर से मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इससे संबंधित समस्या की जानकारी सीधे दी जा सकती है।



मरम्मत करते कर्मचारी।



सड़क किनारे जले स्ट्रीट लाइट।

पंचायत क्षेत्र में 80 प्रतिशत लाइटें चालू

ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को लेकर सुधार कार्य जारी है। उपसरपंच हरी गुप्ता ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें वर्तमान में चालू हैं। बतौली पंचायत का क्षेत्र खड़धवां और कुनकुरी सहित आसपास के हिस्सों से जुड़ा हुआ है। पंचायत की अंदरूनी सड़कों पर लगी लाइटों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने अथवा किसी लाइट में खराबी की जानकारी सामने आते ही मरम्मत कराई जाती है। नियमित रूप से भी लगभग 15 दिन के अंतराल में लाइटों की मरम्मत और रखरखाव का काम किया जाता है। बरसात के दौरान तार और विद्युत उपकरणों में खराबी के कारण कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य में परेशानी आई थी। अब मौसम और परिस्थितियां अनुकूल होने के साथ खराब लाइटों को दुरुस्त करने का काम तेज कर दिया गया है।

गड्ढों की मरम्मत, लुचकी घाट और बड़े पुल पर लाइट विस्तार की तैयारी

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अंबिकापुर से रघुनाथपुर और लमगांव होकर आने-जाने वाले मार्ग में कुछ स्थानों पर सड़क पर बने गड्ढों की जानकारी भी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। इनकी तत्काल मरम्मत का आश्वासन दिया गया है। लुचकी घाट और बड़े पुल फ्लाईओवर पर रोड साइड लाइटों के विस्तार का मुद्दा भी उठाया गया। इस संबंध में बताया गया कि प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है, ताकि इन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एनएच 43 पर आवश्यकता अनुसार रोडसाइड लाइटों की संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

सड़के अंधेरे में न रहे

नवरात्र और त्योहारों के दौरान सड़कें अंधेरे में न रहें, इसके लिए प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त कराया जा रहा है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी रहने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

-मंजू हरी गुप्ता
जनपद पंचायत उपाध्यक्ष

खराब लाइट की गई है मरम्मत

बतौली क्षेत्र में रोड साइड लाइटों की समस्या की जानकारी विभाग को मिली है। तत्काल संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है और सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बंद पड़ी रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर सुधार कर व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

- बसंत खाखा
कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग अंबिकापुर



जयनगर दर्रीपारा में कबड्डी स्पर्धा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर के दर्रीपारा में इन दिनों कबड्डी खेल का ग्रामीणों के बीच रोमांच जोरों पर है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

1 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को प्रतियोगिता के दौरान तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैदान में खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। एक ओर जहां खिलाड़ी अपनी टीम को बढ़त दिलाने के लिए दमखम लगाते नजर आए, वहीं दूसरी ओर रक्षात्मक खिलाड़ियों ने शानदार बचाव कर विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रतियोगिता में मंगलवार को अतिथि के रूप में वेद मिश्रा, देवधन बिंझिया,सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद, निकुंज, कृष्णपाल बिंझिया, देवशरण सिंह,बंटेश्वर सारथी एवं घलूम बिंझिया उपस्थित रहे,अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होने से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। खेल न केवल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करता है, बल्कि उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए भी प्रेरित करता है। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।आयोजन को सफल बनाने में जगमोहन राम,राजू राम,सुरेश कुमार,गणेश,विनोद व अन्य सक्रिय हैं।

कांग्रेस ने पैदल मार्च के बाद किया सीईसी का पुतला दहन

बलरामपुर। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से शहीद चौक (चांदो चौक) तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल हुए। मार्च शहीद चौक स्थित शहीद पार्क पहुंचा, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रगान किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक वाचन किया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर लगातार जनता के बीच अपनी बात रखेंगे।



शासकीय कन्या स्कूल में सेजेस विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों सेजेस में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर सूरजपुर डीईओ द्वारा सेजेस स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आहूत कर विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में उक्त विषय पर बैठक आयोजित की गई,बैठक में प्राचार्यों के साथ संबंधित अधिकारी एवं विज्ञान संकाय से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के एजेंडे में विद्यालयों में छात्र दर्ज संख्या, विद्यार्थियों की विषयवार जानकारी, शिक्षकों की स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की स्थिति, कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी तथा कमजोर विद्यार्थियों की पहचान एवं कार्ययोजना, मूलभूत आवश्यकताओं एवं समस्याओं, भृत्य, लिपिक कर्मचारियों की जानकारी तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई,इसके अलावा पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति, अतिरेक प्राचार्य एवं शिक्षकों की जानकारी, बोर्ड परीक्षा परिणाम, तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की उपस्थिति और लंबे समय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की जानकारी भी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक के माध्यम से सेजेस विद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा करने के साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिए कार्ययोजना और विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा का निर्देश दिया है। विभाग ने केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रहते हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति, लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों और शिक्षकों की वास्तविक स्थिति तक की जानकारी मांगी है।

- सूरजपुर डीईओ ने छात्रों व शिक्षकों की जानकारी मांगी



आलोक बने तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष



वाड्रफनगर। शासकीय उमावि गुडरू के सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी आलोक राय को प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संघ की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश महामंत्री आनंद सिंह यादव एवं सरगुजा संभागीय अध्यक्ष दिनेश कश्यप की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने आलोक राय की नियुक्ति की है। उन्हें जिला अध्यक्ष के साथ-साथ बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की जिला एवं तहसील शाखाओं की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अधिसूचना में आलोक राय को संघ की संशोधित नियमावली के अनुरूप जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन करने के लिए अधिकृत किया गया है। आलोक राय की नियुक्ति पर प्रदेश एवं सरगुजा संभाग के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड मनेन्द्रगढ़

बिजली बंद की सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी दशहरा एवं दीपावली पर्व के दौरान निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधार कार्य / मरम्मत कार्य संपादित किये जाने हेतु निम्न क्षेत्रों में दर्शायी गयी तिथि एवं समय पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

क्र.	विद्युत आपूर्ति बंद रहने की तिथि	समय	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
01	09.10.2026 (शुक्रवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 घुटरा फीडर	वितरण केन्द्र केल्हारी के अंतर्गत 11 के0 व्ही0 घुटरा फीडर से संबंधित ग्राम केवटी, डुग्गा, डांडहसवाही, पहाडहसवाही, कछौड़, ताराबहरा, शिवगढ़, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
02	09.10.2026 (शुक्रवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 केल्हारी फीडर	वितरण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 केल्हारी फीडर से संबंधित ग्राम डोमनापारा, हस्तिनापुर, सिरौली, लालपुर, कलमडांड, नवगोई, भलौर, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
03	10.10.2026 (शनिवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 पसौरी फीडर	वितरण केन्द्र केल्हारी के अंतर्गत 11 के0 व्ही0 पसौरी फीडर से संबंधित ग्राम श्रीपुर, चरवाही, डोडकी, घाघरा, तिलोखन, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
04	10.10.2026 (शनिवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 बंजी फीडर	वितरण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही0 बंजी फीडर से संबंधित ग्राम पारादोल, बंजी, बुंदेली, औद्योगिक क्षेत्र परसगढ़ी, मेण्ड्राडोल, बड़काबहरा, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
05	10.10.2026 (शनिवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	33 के0व्ही0 5 न0 फीडर चैनपुर से हसदेव	वितरण केन्द्र चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले महराजपुर, सेन्धा, पी.एच.ई. 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र से निकलने वाली सभी फीडर प्रभावित रहेंगी।
06	10.10.2026 (शनिवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0 व्ही0 टाउन फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही टाउन फीडर से संबंधित क्षेत्र मेन मार्केट, जोडा तालाब, बस स्टैण्ड, सर्कस मैदान, चोपड़ा, बंगाली बस्ती एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
07	10.10.2026 (शनिवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	33 के0 व्ही0 खंडगंवा फीडर	33/11 के0 व्ही0 उपकेन्द्र मनसुख, खडगंवा, छोटेकलुआ, देवाडांड, कोडा, सकरिया से निकलने वाली सभी फीडर प्रभावित रहेंगी।
08	11.10.2026 (रविवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0 व्ही0 केल्हारी फीडर	वितरण केन्द्र केल्हारी के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 केल्हारी फीडर से संबंधित ग्राम केल्हारी, मनवारी, बिछियाटोला, केवटी, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
09	11.10.2026 (रविवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 टाउन फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही टाउन फीडर से संबंधित क्षेत्र अम्बिकापुर रोड, अहमद कालोनी, चैनपुर, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
10	12.10.2026 (सोमवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 रेलवे फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही रेलवे फीडर से संबंधित क्षेत्र टंकीपारा, बदनसिंह मोहल्ला, पुरानी बस्ती, टी0व्ही0 टावर रोड, जे0के0डी0 रोड एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
11	12.10.2026 (सोमवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	33 के0व्ही0 7 न0 फीडर	वितरण केन्द्र चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले एस.ई.सी.एल. क्षेत्र तथा बडाबाजार, कोरिया, गेल्हापानी एवं संबंधित क्षेत्र।
12	12.10.2026 (सोमवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0 व्ही0 बंजारीडांड फीडर	वितरण केन्द्र खडगंवा के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 बंजारीडांड फीडर से संबंधित ग्राम अखरडांड, दुबछोला, ठगगांव, बंजारीडांड, सिंघत दुग्गी, गढ़तर सॉस एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
13	13.10.2026 (मंगलवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 हसदेव फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही हसदेव फीडर से संबंधित क्षेत्र पखनापारा, केवट मोहल्ला, आमाखेरवा रोड, एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
14	13.10.2026 (मंगलवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 केल्हारी फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही केल्हारी फीडर से संबंधित क्षेत्र रापाखेरवा, वेदबाबू मोहल्ला, तिवारी मोहल्ला, मनी मोहल्ला, चैनपुर एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
15	13.10.2026 (मंगलवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0 व्ही0 नगर निगम फीडर	वितरण केन्द्र चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 नगर निगम फीडर से आने वाले संबंधित ग्राम पोड़ी, हल्दीबाड़ी एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
16	13.10.2026 (मंगलवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0 व्ही0 रतनपुर फीडर	वितरण केन्द्र खडगंवा के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 रतनपुर से संबंधित ग्राम पोड़ीडीह, खडगंवा, आंधीवार, कोडागी, रतनपुर, बडेमुडा, धनपुर, पेण्ड्री कन्हारबहरा, तामडांड एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
17	14.10.2026 (बुधवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 लोको फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 लोको फीडर से संबंधित क्षेत्र (वार्ड नं 1 से 6.) चनवारीडांड एवं संबंधित क्षेत्र।
18	14.10.2026 (बुधवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 बौरीडांड फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही0 बौरीडांड फीडर से संबंधित क्षेत्र बौरीडांड, चनवारीडांड एवं संबंधित क्षेत्र।
19	14.10.2026 (बुधवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 पोड़ी फीडर	वितरण केन्द्र चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 पोंड़ी फीडर से संबंधित ग्राम सरभोका, सेन्धा, साजापहाड एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
20	14.10.2026 (बुधवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 मेरो फीडर	वितरण केन्द्र खंडगंवा के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही0 मेरो फीडर से संबंधित ग्राम अखराडांड, जडहरी, कदरेवा, मेरो, मुकुंदपुर, बलसोता एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।
21	15.10.2026 (गुरुवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 बटालियन फीडर	मनेन्द्रगढ़ जोन के अंतर्गत आने वाले 11 के0व्ही0 बटालियन फीडर से संबंधित ग्राम एवं समस्त क्षेत्र।
22	15.10.2026 (गुरुवार)	प्रात: 9:30 से दोपहर 3:30 तक	11 के0व्ही0 राधेरमणनगर फीडर	वितरण केन्द्र चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले 11 के0 व्ही0 राधेरमणनगर फीडर से संबंधित ग्राम सोनवर्षा, राधेनगर एवं समस्त संबंधित क्षेत्र।

बंद की अवधि को आवश्यकतानुसार घटाई या बढाई जा सकती है, इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए विद्युत वितरण कम्पनी को खेद है।

कार्यापालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. मनेन्द्रगढ़

पृष्ठ 1 का शेष

काली पट्टी बांधकर...

पार्षद विमला पटेल, नगर अध्यक्ष मन्नान शाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा मंडलम अध्यक्ष थानगांव शिवम दुबेदी, मंडलम अध्यक्ष कपिलधारा गणेश मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष कटकोना देवशरण साहू, मंडलम अध्यक्ष बिजुरी आकिब जावेद, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल शुक्ला, ब्लॉक पदाधिकारी राघवेंद्र चक्रवर्ती, लेखराम मैना, मंथन शर्मा, लल्लू प्रसाद चंद्रा, इस्तियाक अहमद, सरस्वती पाव, राजभान सिंह, लखन चौधरी, संदीप तिवारी, सुनीता केवट, पटेल कोल, रियाज भाई, रवि चौधरी, विक्कू ठाकुर, शिव कुमार साहू, अमित चौधरी एवं अंकित चौधरी समेत ब्लॉक, नगर एवं मंडलम कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्यूआर कोड स्कैन...

जानकारी हासिल करने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय मोबाइल के माध्यम से सहज तरीके से जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस डिजिटल सुविधा में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सेवा सेतु शिविर में केवल योजनाओं की जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि पात्र हितग्राहियों के आवेदनों पर मौके पर ही कार्रवाई भी की गई। रोजगार गारंटी कार्ड के लिए 16 नवीन मांग आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिविर स्थल पर ही 16 नवीन रोजगार गारंटी कार्ड जारी कर दिए गए। इससे ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन के बाद लंबी प्रक्रिया या कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ी।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

रा.प्र.क्रं. ...../ब-121/2026-27

-::ईश्तहार::-

एतद द्वारा समस्त ग्रामीण जनता ग्राम बैकुंठपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अखिलेश गुप्ता आ./पति जगमोहन लाल गुप्ता जाति बनिया निवासी ग्राम बैकुंठपुर थाना बैकुंठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पुत्र अक्षत गुप्ता के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संबंधी (EWS प्रमाण पत्र) आय प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शपथ पत्र, अंकसूची, बी-1 की छायाप्रति संलग्न किया है। अत: जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को उक्त प्रमाण पत्र जारी करने से कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 21/10/2026 तक उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

ईकोर्ट रा.प्र.क्र...../अ-6/2025-26

-::ईश्तहार::-

सर्व साधारण ग्राम शिवपुर प.ह.नं. 04 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदिका चंदा मुखर्जी पति स्व. मनोजीत मुखर्जी निवासी एम.ओ.जी.-20 ऋण नगर, न्यु राजेन्द्र नगर रायपुर एवं मनीष मुखर्जी आ. स्व. मनोजीत निवासी मिग सी-20 ऋण नगर, पवन बिहार बस्ती, दोणाचार्य विद्यालय, नया राजेन्द्र नगर, समित मुखर्जी आ. स्व. मनोजीत मुखर्जी निवासी एम.आई.जी.-20 ऋषभ नगर, न्यु राजेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा छ.ग.भू– राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के पति की स्वअर्जित भूमि ग्राम शिवपुर रा.नि.मं. सरडी तहसील बैकुण्ठपुर ख.नं. 500/12 रकबा 0.020 हे. स्थित है। जो स्व. मनोजीत मुखर्जी के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 04.10.2022 को हो चुकी है। आवेदकगण के नाम राजस्व प्रपत्रों में फौतीनामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 22/10/26 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा



अभी भी तैयार नहीं हुआ सलमान की मातृभूमि का फाइनल वर्जन

मुंबई। अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'पर आए दिन कोई न कोई नया अपडेट सामने आ ही रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जल्द ही इस पिक्चर की रिलीज डेट का ऐलान हो सकता। ये भी कहा गया कि मेकर्स नवंबर में इस फिल्म को रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया कि अभी भी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। रिलीज डेट को लेकर फिलहाल स्पष्टता नहीं है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में अभी भी बदलाव का काम जारी है और रवि बसरूर बैकग्राउंड स्कोर पर लगे हुए हैं। मेकर्स ने अभी फिल्म का फाइनल कट तय नहीं किया है। यानी फिल्म का फाइनल वर्जन तैयार होना बाकी है।

लाइफ Style

कृति

लोग अपने काम से काम रखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट 'व्हाट वीमेन वांट' का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे।

अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, 'मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी।' इस पर करीना ने कहा, 'मुझे पता है।' शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें।' दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं।



हॉलीवुड मसाला



दी एक्जॉरसिस्ट मार्टर्स का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए मजेदार खबर आई है। 53 साल पुरानी दुनिया की सबसे हॉरर मूवी 'द एक्सॉर्सिस्ट' फ्रेंचाइजी के नए पार्ट की पहली झलक ने दस्तक दे दी है। इसकी पहली झलक ही होश उड़ाने के लिए काफी है। मशहूर फिल्ममेकर माइक फ्लैनगन की नई हॉरर फिल्म 'दी एक्जॉरसिस्टः मार्टर्स' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। 15 सेकेंड का यह टीजर फिल्म की कहानी तो पूरी तरह नहीं खोलता, लेकिन इसके डरावने विजुअल्स ने फिल्म को लेकर फैन्स में जरूर दीवानगी का आलम पैदा कर दिया है।



टॉम की फिल्म डिगर को 1350 करोड़ का नुकसान!

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की फिल्म 'डिगर' को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी असफलता का सामना करना पड़ा है। फिल्म को लगभग 1,350 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। वैसे तो नॉर्थ अमेरिका में भी ये बुरी तरह पिट ही रही है, लेकिन भारत में अजय देवगन की 'दृश्यम 3' के रिलीज होने का भी इस पर असर पड़ा है। एलेजैंड्रो इनारितु की फिल्म 'डिगर' - जिसमें टॉम क्रूज ने एक लालची तेल कारोबारी का ऐसा रोल निभाया है जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है - ओपनिंग वीकेंड में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने के बाद दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 19 साल पहले टॉम क्रूज की एक फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में $8 मिलियन से कम की ओपनिंग की थी।



35 साल की उम्र में दूसरी बार बनेंगी मां...

मुंबई। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर एक बार फिर नन्हे मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। कपल ने बुधवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस बात की जानकारी सभी के साथ शेयर की। पोस्ट सामने आते ही फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स कपल को जमकर बधाई दे रहे हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर किया। पोस्ट में एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें कपल के हाथ पर एक छोटे से बच्चे के सॉक्स रखे हैं और उनकी बेटी सराया ने भी उसे पकड़ रखा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'एक बार फिर सबसे बड़े तोहफे का आशीर्वाद मिला है। हमारा दिल प्यार और शुक्रगुजार से भरा हुआ है।'



रामायण की दुनिया में वापस लौटा अरुण

नई दिल्ली। अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान श्रीराम का किरदार निभाया था। मगर नितेश तिवारी की रामायण में वह राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इस पोस्टर में वह अयोध्या के राजा की वेश भूषा में सिंहासन पर बैठे हुए हैं। इतने साल बाद अरुण को दोबारा रामायण के जुड़े पात्र के रूप में देखना अपने आप में एक भावुक पल होगा। मेकर्स ने इस फोटो के साथ एक खास कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब, वे अयोध्या के राजा के रूप में रामायण की दुनिया में लौट रहे हैं। अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में।' इस कैप्शन से निर्माताओं ने फैंस से कहा है कि रामानंद सागर ने अरुण गोविल को राम के रूप में कास्ट कर एक पीढ़ी पर छाप छोड़ी थी।

टीवी मसाला



'कपिल शो' में महफिल जमाने आ रहे सुनील व रवि

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का पॉपुलर शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने नए सीजन के साथ आ गया है। जो नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को खूब हंसा रहा है। इस शो में हर हफ्ते बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है। जिसमें क्रिकेट जगत के दो दिग्गज सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री कपिल की महफिल में चार चांद लगाते नजर आएंगे। कपिल शर्मा के इस सीजन में अब तक कई सितारे आ चुके हैं। शो के शुरुआती एपिसोड्स में बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स कपिल शर्मा की पूरी गैंग के साथ मजेदार मस्ती करते नजर आए हैं। जिसमें सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा शामिल हैं। हर शनिवार को आने वाला यह एपिसोड दर्शकों को हंसी का भरपूर डोज दे रहा है। सामने आए नए प्रोमो में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिखाई दे रहे हैं। जहां वो कपिल शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम के दिलचस्प किस्से और क्रिकेट की पुरानी यादें शेयर करते दिख रहे हैं। वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू जब सुनील गावस्कर से पूछते हैं कि वो उस दौर में बिना हेलमेट के कैसे बैटिंग कर लेते थे? तो गावस्कर मजाकिया लहजे में जवाब देते हैं "क्योंकि अंदर कुछ था ही नहीं." यह सुनकर पूरा सेट ठहाकों से गूंज उठता है।

बिग बॉस में शैनन की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री

नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 20' को शुरू हुए एक महीना हो गया और इस एक महीने में शो के अंदर काफी कुछ देखने को मिला। शो की शुरुआत में 16 प्रतियोगियों ने इसमें हिस्सा लिया था।



इसके बाद जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा तो तीन कंटेस्टेंट्स बाहर भी हो गए। अब शो में जल्द ही कुछ वाइल्डकार्ड एंट्री देखने को मिल सकती हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर शैनन के का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि शैनन बिग बॉस के इस सीजन में घर में बतौर वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एंट्री कर सकती हैं। बता दें कि शैनन के. बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू की बेटी हैं। सिंगर ने दो शादियां की और उनकी पहली शादी से बेटे जान कुमार सानू हैं और दूसरी पत्नी के साथ गायक ने एक बेटी को गोद लिया, जो शैनन हैं। शैनन ने अपना डेब्यू पॉप सिंगल 'अ लॉन्ग टाइम' से किया था, जिसे जस्टिन बीबर के सहयोगी पू बी ने प्रोड्यूस किया था और लिखा था। शैनन के. सिंगर हैं और उनका करियर सिर्फ भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म किंग में शाहरुख से भिड़ेंगे विलेन बने अभिषेक

शाहरुख खान की मच-अवेटेड एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किंग' को लेकर फैन्स के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। फिल्म में जहां शाहरुख खान एक खतरनाक रोल में दिखेंगे। वहीं, अभिषेक बच्चन फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान के साथ अपने रिश्ते और फिल्म 'किंग' को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

मुंबई। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान को अपने 'बड़े भाई'जैसा बताते हुए एक बड़ा खुलासा किया. वो कहते हैं कि- किंग खान ने कई बार पर्सनल तौर पर उनके कॅरियर में मदद की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिषेक बच्चन ने बताया, 'शाहरुख खान मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह हैं। सच कहूं तो उन्होंने कई बार मेरे कॅरियर की पर्सनल तौर पर जिम्मेदारी ली है, जिसमें अब हमारी अपकमिंग फिल्म 'किंग' भी शामिल है।' इस दौरान अभिषेक ने याद किया कि बॉलीवुड में एंट्री करने से बहुत पहले से वो शाहरुख खान के करीब रहे हैं। बचपन और शुरुआती दिनों को याद किया। साथ ही कहा कि- ऋतिक रोशन, उदय चोपड़ा और सिकंदर खेर के साथ संडे को क्रिकेट खेलने के दौरान भी शाहरुख उन सभी को गाइड करते थे। अभिषेक बच्चन ने बताया कि सालों पहले उन्होंने शाहरुख खान से पूछा था कि उनकी सबसे फेवरेट फिल्म कौन सी है।



इस पर शाहरुख खान ने उन्हें जो जवाब दिया था, वो सलाह अभिषेक के दिल में हमेशा के लिए बस गई। शाहरुख ने उनसे कहा था-मेरी पसंदीदा फिल्म वही होती है, जो मैं अभी कर रहा होता हूं। अगर वह मेरी पसंदीदा फिल्म नहीं है, तो मैं उसे कर ही क्यों रहा हूं? जो बीत गया, वो बीत गया लेकिन इस वक्त मेरे लिए मेरी सबसे पसंदीदा फिल्म वही है जो मैं कर रहा हूं। अभिषेक ने कहा कि वो भी इसी सोच को मानते हैं, और इसीलिए इस समय 'किंग' उनकी सबसे फेवरेट फिल्म है।

टकराव के डर से मेकर्स ने आगे बढ़ाई काली खेती की रिलीज...

फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट मेकर्स ने बदल दी है। पहले फिल्म अक्तूबर के महीने में रिलीज होने वाली थी। मगर अब इसकी रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

मुंबई। बीते दिनों फिल्म 'काली खेती' के पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट 23 अक्टूबर बताई गई थी। मगर अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बढ़ा दी है। सोशल मीडिया के जरिए मेकर्स ने फैंस को बताया कि फिल्म अब 20 नवंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर के अलावा नेहा सरगम भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्टूबर में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें अजय देवगन की दृश्यम 3, आयुष्मान खुराना की उड़ता तीर, रश्मिका-विजय की रणबाली, यामी गौतम की नई नवेली और पहला प्यार दूसरी बार शामिल हैं। काली खेती का टकराव 'पहला प्यार दूसरी बार' से होने वाला है। यह फिल्म भी 23 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस वजह से जैकी श्रॉफ की फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट को



आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म का निर्देशन और लेखन हारिस इम्तियाज खान ने किया है। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए लगाते हैं एक से बढ़कर एक तरकीबें

सिनेमा जगत के 5 सबसे भयानक प्रमोशन, ऑडियंस की हो गई थी हालत खराब

नई दिल्ली। भारत में भले ही हॉरर फिल्मों का बाजार इतना बड़ा न हो, लेकिन अन्य देशों में इस तरह की फिल्में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। मेकर्स अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए भी एक से बढ़कर एक तरकीबें लगाते हैं। आज हम जानेंगे सिनेमा जगत के इतिहास में अभी तक किए गए सबसे डरावने प्रमोशन इवेंट या एक्टिविटी। लिस्ट में कुछ ऐसे प्रमोशन इवेंट भी शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी थी।

थिएटर्स के बाहर नर्सों की कतारें

साल 1960 में आई फिल्म 'साइको' का प्रमोशन इस तरह का पहला प्रयोग था। कहा जाता है कि इसी फिल्म के जरिए हॉरर फिल्मों का भयानक अंदाज में प्रमोशन करने का सिलसिला शुरू हुआ था। डायरेक्टर अल्फ्रेड हिचकॉक ने सख्त नियम लागू करवाए थे कि फिल्म शुरू होने के बाद किसी भी लेट आने वाले को थिएटर में एंट्री नहीं मिलेगी। इसके साथ ही, सिनेमाघरों के बाहर नकली डॉक्टरों और नर्सों को तैनात किया गया था और दर्शकों को हार्ट अटैक के जोखिम की चेतावनी वाले फॉर्म दिए जा रहे थे। लोगों के दिमाग में भर दिया गया कि यह फिल्म इतनी डरावनी है कि इसे देखते हुए किसी की जान भी जा सकती है। लोग कांपते हुए यह फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देखने के दौरान भी उनकी हालत खराब थी कि आगे न जाने कौन सा सीन आ जाएगा।

शहर भर में 'लापता' लोगों के पोस्टर

यह प्रमोशन इवेंट साल 1999 में आई फिल्म 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' के लिए किया गया था। इसे सिनेमा के इतिहास का सबसे सक्सेसफुल और डरावना गुरिल्ला मार्केटिंग कैंपेन माना जाता है। हुआ यह था कि फिल्म के रिलीज होने से पहले मेकर्स ने इंटरनेट पर एक वेबसाइट बनाई और कॉलेज कैंपसों व थिएटर्स के बाहर फिल्म के मुख्य कलाकारों के लापता होने के पोस्टर लगा दिए। लोगों को यह यकीन दिलाया गया कि यह कोई फिल्म नहीं है, बल्कि उन छात्रों की असली फुटेज है जो जंगल में खो गए थे। लोगों में इस फिल्म ने काफी डर भर दिया था।



लाइव इवेंट में लोगों की हुई हालत खराब : साल 2022 में आई फिल्म 'स्माइल' और 2024 में आई 'स्माइल-2' के प्रमोशन में तो मेकर्स ने हद ही कर दी। मेकर्स ने अमेरिका के बड़े लाइव बेसबॉल मैचों और टीवी शोज के दौरान बैकग्राउंड में कुछ लोगों को डरावना मेकअप करके बिठा दिया। ये लोग बिना पलक झपकाए, लगातार कई घंटों तक कैमरे की तरफ देखकर एक बेहद डरावनी और अजीब मुस्कान देते रहे। लोग एक असली इवेंट में कनफ्यूज थे कि यह कोई मानसिक बीमारी है या भूतिया घटना।

जब बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना पड़ गया

बात साल 2006 की है जब टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल 3' का प्रमोशन चल रहा था। भले ही यह कोई हॉरर फिल्म नहीं थी, लेकिन इसके प्रमोशन ने लोगों को बहुत ज्यादा डरा दिया था। बाद में इस तरह को प्रमोशन एक्टिविटी करने के लिए मेकर्स की काफी निंदा भी की गई। हुआ यह था कि शहर के अखबार बेचने वाले बॉक्सों के अंदर मेकर्स ने छोटे डिजिटल म्यूजिक प्लेयर छिपाए थे, जो बॉक्स खुलते ही फिल्म की थीम ट्यून बजाते थे। बक्से के अंदर छिपे हुए तारों और अजीब आवाज सुनकर लोगों को लगा कि शहर में आतंकवादियों ने बम लगाए गए हैं। डर इतना बढ़ गया था कि कई इलाके खाली कराने पड़े और बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना बड़ा।

कॉफी शॉप में लड़की पर आया भूत?

साल 2013 में आई इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने न्यूयॉर्क की एक कॉफी शॉप में डरावना सेटअप तैयार किया था। यह दुकान के अंदर छिपे हुए तारों, रिमोट कंट्रोल कुर्सियों और नकली दीवारों का सेटअप था। जब आम ग्राहक वहां कॉफी पी रहे थे, तब एक एक्ट्रेस ने गुस्सा होने का नाटक किया और अपने दिमाग की शक्ति से एक आदमी को दीवार पर टांग दिया और टेबल-कुर्सियों को हवा में उड़ाने लगी। लोग चीखते हुए बाहर निकले और इस प्रैंक को आज तक के सबसे भयानक प्रैंक में गिना जाता है।

खबर संक्षेप

स्वच्छता और जनभागीदारी के लिए किया प्रेरित



चरचा कॉलरी। प्रधानमंत्री के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सेवा, स्वच्छता, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से आम नागरिकों को विकास एवं जनकल्याण की गतिविधियों से जोड़ना है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे चरचा के राजीव गांधी चौक में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोक संस्कृति के माध्यम से आम नागरिकों तक सेवा संकल्प अभियान का संदेश पहुंचाया गया। स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय बोली और लोकगीतों के माध्यम से दिए गए संदेश ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के साथ ही लोगों का ध्यान भी अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम के दौरान केवल स्वच्छता और सेवा का संदेश ही नहीं दिया गया, बल्कि आम नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोकगीतों के माध्यम से दी गई। कलाकारों ने योजनाओं के उद्देश्य और पात्र हितग्राहियों को मिलने वाले लाभों को सरल एवं सहज भाषा में लोगों तक पहुंचाया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, विकसित भारत रोजगार योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, दीपा राजेश सिंह, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल, राजस्व निरीक्षक सुभाष राजवाड़े, एआरआई महेश्वरी पैकरा सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, डोर-टू-डोर स्वच्छता अभियान से जुड़ी स्वच्छता दीदियां एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। राजीव गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के तहत लोक संस्कृति और जनजागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के माध्यम से स्वच्छता, सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश आम लोगों तक पहुंचाया गया।

माताओं एवं बच्चों को किया गया लाभान्वित

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 6 अक्टूबर को सेक्टर मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के ग्राम पंचायत परसगढ़ी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच बुद्धू सिंह की उपस्थिति में बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के माध्यम से माताओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान 30 बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसी क्रम में अन्न दान महादान पहल के अंतर्गत 50 गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक भोजन कराया गया। माताओं और बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 10 सुपोषण टोकरी का वितरण किया गया। साथ ही सुपोषण थाली का प्रदर्शन कर संतुलित एवं पौष्टिक आहार में शामिल किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई।

वन्यजीव संरक्षण सप्ताह एवं चरवाहा सम्मेलन का आयोजन

वन्यजीव संरक्षण की सीख लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

वन्यजीवों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जंगल और वन्यजीवों से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के साथ पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के पार्क परिक्षेत्र जनकपुर अंतर्गत ग्रामपंचयत अक्तवार स्थित फॉरेस्ट कैंपस में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह एवं चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, चरवाहों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और वन्यजीव संरक्षण को जनसहभागिता से मजबूत करने का संकल्प लिया। पार्क परिक्षेत्र अधिकारी एसके गुप्ता के मार्गदर्शन तथा विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई। अक्तवार स्कूल परिसर से फॉरेस्ट कैंपस तक निकली रैली में विद्यार्थियों ने वन्यजीवों की सुरक्षा, जंगल बचाने और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारे लगाए। हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से यह भी बताया गया कि जंगल और वन्यजीवों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से सीधे जुड़ा है।



शिक्षकों का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की चेतना विकसित करने में योगदान देने वाले प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान देने का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी की पहली पाठशाला भी है। बच्चों में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

चरवाहों की भूमिका अहम

चरवाहा सम्मेलन में जंगल से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े चरवाहों और ग्रामीणों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जंगल और वन क्षेत्र में नियमित रूप से आने-जाने वाले चरवाहे वन्यजीवों की गतिविधियों को सबसे पहले देख सकते हैं। ऐसे में उनकी जागरूकता वन्यजीव संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। चरवाहों से अपील की गई कि वन्यजीव दिखाई देने पर उनका पीछा न करें, न ही उन्हें उकसाने या घेरने का प्रयास करें। किसी भी अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल वन विभाग को दें। वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और विचरण क्षेत्र में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचने का भी संदेश दिया गया।

बच्चों को बनाया संरक्षण का संदेशवाहक

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वन्यजीवों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वन्यजीव जंगल के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी एक प्रजाति के अस्तित्व पर संकट आने का प्रभाव पूरे प्राकृतिक तंत्र पर पड़ सकता है। इसलिए वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार जरूरी है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि जंगल में वन्यजीव दिखाई देने पर घबराने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के बजाय सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों और युवाओं को अफवाहों से बचने तथा वन्यजीवों की गतिविधियों को लेकर संयमित व्यवहार करने की सीख दी गई।

प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने दिखाया ज्ञान

वन्यजीव संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें वन्यजीव, जंगल, पर्यावरण और संरक्षण से जुड़े सवाल पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वन्यजीव संरक्षण केवल कानून, निगरानी और कार्रवाई तक सीमित नहीं है। इसके लिए जागरूकता, संवेदनशीलता और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। अक्तवार में आयोजित वन्यजीव संरक्षण सप्ताह एवं चरवाहा सम्मेलन ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को प्रकृति से जोड़ते हुए संरक्षण को जनअभियान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 118 ग्राम पंचायतें सम्मानित



बैकुण्ठपुर। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत ऑडिटोरियम, बैकुंठपुर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों, सरपंचों, निक्षय मित्रों तथा टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा जोश टीम का उन्मुखीकरण भी किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि कोरिया जिले को शत-प्रतिशत टीबी मुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सम्मानित ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों से कहा कि टीबी के किसी भी संभावित लक्षण की पहचान होने पर संबंधित व्यक्ति की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिले में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत 118 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को ब्रॉन्ज, सिल्वर एवं गोल्ड श्रेणी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टीबी मरीजों को पोषण टोकरी एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, संस्थानों, एसईसीएल प्रबंधन तथा बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक को निक्षय मित्र के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, घर-घर जाकर टीबी मरीजों की खोज एवं जांच अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, एसटीएलएस एवं एसटीएस को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान टीबी हारेगा, देश जीतेगा का संकल्प लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह ने कहा कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। इसकी जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध है तथा मरीजों को पोषण सहायता भी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि कोरिया जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक है।

युवा जोश टीम को गांव-गांव जागरूकता की

कार्यक्रम में एनएसएस एवं माय भारत वॉलिंटियर्स से जुड़े युवाओं को टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी दी गई। इनमें दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, शाम के समय बुखार, वजन घटना तथा बलगम में खून आना प्रमुख लक्षण बताए गए। युवाओं से गांव-गांव जाकर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने तथा लक्षण वाले व्यक्तियों को जांच और उपचार के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, स्वास्थ्य विभाग सभापति श्रीमती सुषमा कोर्राम, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल तथा एनसीसी कैडेट जिला अधिकारी श्री संजीव जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिजुरी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 18 वर्षीय युवक का शव

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

बिजुरी थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप स्थित तालाब के पीछे मैदान में बीती रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बिजुरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी भेजा गया। मृतक की पहचान गोविंद साहू पिता रामप्रसाद, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी मोहड़ा दफाई, वार्ड क्रमांक 06, बिजुरी के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक नगर के दूसरे हिस्से में रहने वाला था, जबकि उसका शव जिस स्थान पर मिला, वहां आसपास के लोगों के लिए वह तत्काल पहचान में नहीं आ सका। बाद में सोशल मीडिया पर मृतक की तस्वीर प्रसारित होने के बाद उसकी पहचान हो सकी।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका- शव मिलने की सूचना के बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए प्रारंभ में पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उनका आरोप है कि युवक के शरीर पर जलने के निशान दिखाई दे रहे थे, जिसके चलते उन्होंने हत्या की आशंका जताई। हालांकि, पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए।

कपड़ों की स्थिति ने भी खड़े किए सवाल

स्थानीय लोगों के अनुसार गोविंद पूर्व में पढ़ाई में अच्छा था और नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह इधर-उधर घूमता रहता था। परिजनों के अनुसार वह घर से कपड़े पहनकर निकला था, जबकि शव मिलने के समय उसके शरीर पर केवल अंडरवियर होने की बात सामने आई है। परिस्थितियों का यह अंतर भी कई सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि, इन सभी बिंदुओं की वास्तविकता जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मौत के कारणों को लेकर बना रहस्य

युवक की मौत हादसा है, आत्महत्या है या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक घटना है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बिजुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस द्वारा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ घटनास्थल से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

निर्माण श्रमिकों के लिए रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके पात्र आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर कौशल विकास एवं परिवार सशक्तीकरण योजना के तहत रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत सीआईपीईटी, रायपुर के माध्यम से प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग ट्रेड में 480 घंटे यानी 80 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान चयनित प्रशिक्षणार्थियों को सीआईपीईटी रायपुर में छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण में प्लास्टिक उत्पादों के विनिर्माण एवं प्रसंस्करण से संबंधित व्यावहारिक कौशल प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदक की आयु प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि को 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा सेवा सेतु शिविर

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

जिला मुख्यालय से करीब 110 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र जनकपुर में शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए सेवा का सेतु सजाया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में आयोजित विशेष सेवा सेतु शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक ही मंच पर मौजूद रहे।

विभागीय स्टॉलों के जरिए ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया समझाई गई, वहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत 128 हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष कौशल पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी, सुखमंती सिंह, बेला कुंवर, एसडीएम शशिशेखर मिश्रा, जनपद सीईओ अजय राठौर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगीत के गायन से हुआ। अतिथियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। एसडीएम शशि शेखर मिश्रा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर शासन की योजनाओं को गांव और आमजन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य सिर्फ योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि पात्र हितग्राहियों को आवेदन से लेकर लाभ प्राप्त करने तक आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की जानकारी और सेवाएं मिल रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई पात्र हितग्राही जानकारी के अभाव में शासन की योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।



जिला अस्पताल में इंगुइनल हर्निया का सफल ऑपरेशन

बैकुण्ठपुर। जिला अस्पताल बैकुंठपुर में बाईं ओर के इंगुइनल हर्निया से पीड़ित 19 वर्षीय युवक का सफल ऑपरेशन किया गया। यह शल्य चिकित्सा जिला अस्पताल के जनरल सर्जन डॉ. अनुज पैकरा द्वारा की गई। मरीज को बाईं तरफ इंगुइनल हर्निया की समस्या के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आवश्यक जांच और चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति चिकित्सकों की निगरानी में संतोषजनक बताई गई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को आवश्यक शल्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इंगुइनल हर्निया जैसे सामान्य सर्जिकल मामलों का उपचार और ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल में ही किया जा रहा है। इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता कम हो रही है। उन्होंने सफल ऑपरेशन के लिए डॉ. अनुज पैकरा एवं ऑपरेशन थिएटर की पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. जायसवाल ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता है।



केशगवा में वित्तीय अनियमितता की शिकायत

सोनहत। जिले के ग्राम पंचायत केशगवां के सरपंच एवं समस्त पंचों की ओर से कलेक्टर कोरिया को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत कर पंचायत के तत्कालीन सचिव एवं तत्कालीन सरपंच के कार्यकाल में विभिन्न निर्माण एवं अन्य मदों के नाम पर कथित रूप से की गई वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर कोरिया के समक्ष प्रस्तुत की गई है। शिकायत में कुल 18 लाख 63 हजार 541 रुपये की राशि के फर्जी आहरण तथा इसके बाद लगभग 7 लाख रुपये का भुगतान 15वें वित्त मद से किए जाने के लिए प्रभार में दिए जाने का उल्लेख किया गया है। शिकायतकतार्ओं ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा शासकीय राशि की वसूली कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि



पंचायत के पूर्व सचिव श्यामलाल द्वारा सरपंच की डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर) का उपयोग करते हुए एससीआई/एससी खाते से बिना सरपंच की सहमति के लगभग 3 लाख रुपये का फर्जी आहरण किया गया। शिकायत के अनुसार इस मामले की शिकायत सरपंच द्वारा कलेक्टर कोरिया से की गई थी, जिसमें फर्जी आहरण किए जाने की बात प्रमाणित होने का दावा किया गया है। इसके बाद पंचायत की राशि की बिना रिकवरी किए पुनः सचिव को बहाल किए जाने पर भी शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाए हैं।

बीएलओ घर-घर जाकर वर्तमान स्थिति की जानकारी लेंगे

स्कूल-कॉलेजों में लगेगा विशेष मतदाता पंजीयन कैम्प

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ तथा जिला निर्वाचन कार्यालय कोरिया के निर्देशानुसार जिले में छूटे हुए तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के माध्यम से विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बैकुंठपुर, पटना, पोड़ी-बचरा एवं सोनहत तथा प्राचार्य, अग्रणी रामानुज प्रताप सिंह देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैकुंठपुर को जारी निर्देश में कहा गया है कि जिले के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी स्कूलों तथा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष कैम्प आयोजित कराए जाएं। संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) इन कैम्पों के आयोजन में सहयोग करेंगे। विशेष अभियान के दौरान वर्तमान मतदाता सूची में अपंजीकृत व्यक्ति, पहली बार मतदाता बनने वाले पात्र युवा तथा ऐसे व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची से हट गया है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीयन के लिए आवेदन कर सकेंगे।



जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों पर अभियान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि विशेष अभियान की जानकारी अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय स्तर के जनसंपर्क, स्वीप गतिविधियों और अन्य माध्यमों से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। विशेष कैम्पों के साथ रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों, बेघर एवं वंचित वर्ग के लोगों के लिए भी आवश्यकता अनुसार पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर की जाएगी।

घर-घर सर्वे कर पात्र मतदाताओं का होगा चिन्हांकन

निर्वाचन आयोग ने बीएलओ को वर्तमान मतदाता सूची की पूर्व एसआईआर मतदाता सूची से तुलना कर ऐसे मतदाताओं की पहचान करने के निर्देश दिए हैं, जिनके नाम पूर्व सूची में थे लेकिन वर्तमान सूची में शामिल नहीं हैं। चिन्हांकित मतदाताओं के संबंध में बीएलओ घर-घर जाकर वर्तमान स्थिति की जानकारी लेंगे और पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 भरवाकर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। बीएलओ को एक सप्ताह में कम से कम 20 से 25 ऐसे मतदाताओं को कवर करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि लगभग एक माह में यह प्रक्रिया पूरी की जा सके। इसके अलावा बूथ स्तर पर कैम्प आयोजित कर मतदाता पंजीयन के लिए आवेदन जमा कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

